लेटेस्टली

# मुंबई में FDA की बड़ी कार्रवाई; 218 किलो नकली चीज और 478 लीटर मिलावटी दूध किया नष्ट

मुंबई में त्योहारों का मौसम शुरू होते ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration) ने मिलावटखोरी पर शिकंजा कसना तेज कर दिया है. 11 अगस्त से अब तक FDA अधिकारियों ने 42 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की, 55 सैंपल लैब टेस्टिंग के लिए लिए गए और बड़ी मात्रा में मिलावटी चीज और दूध नष्ट किया गया. गणेशोत्सव से लेकर नवरात्रि, दशहरा, दिवाली और क्रिसमस तक मांग बढ़ने के कारण मिठाइयों, खोया, पनीर, घी, दूध, सूखे मेवे और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका रहती है. इसी को ध्यान में रखते हुए FDA ने इस साल 11 अगस्त से 25 अक्टूबर तक विशेष अभियान शुरू किया है.

Source: https://hindi.latestly.com/india/mumbai-fda-cracks-down-on-adulteration-218-kg-fake-cheese-478-litres-milk-destroyed-2740256.html